प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नाम वापसी के बाद प्रदेश में सभी 25 सीटों पर प्रत्याशियों की तस्वीर साफ–266 प्रत्याशी मुकाबले में–इनमें 19 महिला उम्मीदवार।

- चैत्र नवरात्र की शुरूआत के साथ ही घरों और मंदिरों में की जा रही है मां दुर्गा की आराधना–नवसवंत्सर पर प्रदेश में विभिन्न आयोजन।

- आकाशवाणी जयपुर आज मना रहा है अपना स्थापना दिवस।

- प्रदेश में आज से नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव की संभावना।

......................

प्रदेश में सभी 25 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब प्रत्याशियों की तस्वीर साफ हो गई है। कुल 266 प्रत्य़ाशी मुकाबले में हैं। इनमें 247 पुरुष और 19 महिला प्रत्याशी हैं। पहले चरण में मतदान वाले 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 114 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें 102 पुरुष और 12 महिलाएं शामिल हैं। दूसरे चरण वाले 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 152 प्रत्याशी मुकाबले में हैं, जिनमें 145 पुरुष और 7 महिलाएं शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि सर्वाधिक 18 प्रत्याशी चित्तौड़गढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। वहीं, सबसे कम 4 प्रत्याशी करौली–धौलपुर में हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में महिला प्रत्याशी हैं। सर्वाधिक 3 महिलाएं भरतपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। गौरतलब है कि पहले चरण में 19 अप्रैल को और दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी। इस बीच कल दूसरे चरण में नाम वापसी के अंतिम दिन हुए सियासी घटनाक्रम के दौरान बांसवाडा–डूंगरपुर सीट पर कांग्रेस द्वारा बीएपी को समर्थन देने की घोषणा के बाद भी कांग्रेस प्रत्याशी अरविंद डामोर ने नामांकन वापस नहीं लिया।
देर रात श्री डामोर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे पार्टी प्रत्याशी के रूप में ये चुनाव पूरे जोर आजमाइश के साथ लडेंगे। उधर बागीदोरा विधानसभा उप चुनाव में भी कांग्रेस प्रत्याशी कपूर सिंह ने कल अपना नामांकन वापस नहीं लिया।

......................

लोकसभा चुनाव क्षेत्र के परिदृश्य में आज जानते है बीकानेर लोकसभा सीट की चुनावी हलचल–
बीकानेर लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। इस सीट पर मुकाबला रौचक हो गया है। बीकानेर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां से केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भाजपा से मैदान में हैं वहीं कांग्रेस ने गोविंदराम मेघवाल को उम्मीदवार बनाया है।

......................

आज से चैत्र नवरात्र शुरू हो गये है। घरों और मंदिरों में घट स्थापना के साथ धार्मिक आयोजन हो रहे है। आज से ही हिन्दु नववर्ष नवसवंत्सर की भी शुरूआत हो गई है। 9 दिन तक चलने वाले नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना की जायेगी। आज पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा की जा रही है। राजधानी जयपुर के आमेर स्थित शिला माता मंदिर में दोपहर 12 बजकर 5 मिनट पर अभिजीत मूहुर्त में घट स्थापना होगी। वहीं शाहपुरा के प्रमुख शक्तिपीठ धनोप माता मंदिर में आज से नवरात्र मेले की शुरूआत हो गई है। सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना जारी है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है। भीलवाडा और आसींद में हिन्दु नववर्ष के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकाली गई। जिले के शक्तिपीठों में घट स्थापना के कार्यकम भी आयोजित किये जा रहे है। जैसलमेर के तनोट माता और भादलिया माता मंदिर में भी मेला भर रहा है। सुबह से ही धार्मिक आयोजन हो रहे है। सवाईमाधोपुर में शहर के प्रमुख चौराहों पर रंगोली बनाई गई है और रोशनी से चौराहों को सजाया गया है। डूंगरपुर में देवी मंदिरों और मठो में घट स्थापना के साथ ही 9 दिनों तक चलने वाले धार्मिक आयोजन शुरू हो गये है। हनुमानगढ़ के भद्रकाली मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतारे लगी हुई है। बांसवाडा के शक्ति पीठ मां त्रिपुरा सुंदरी मंदिर में अभिजीत मुहुर्त में घट

स्थापना की जायेगी। मंदिर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम भी किये गये है।
जोधपुर ग्रामीण जिले के ओसिया स्थित श्री सच्चियाय माता मंदिर में सुबह से ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किये जा रहे है।
वही भोपालगढ़ के बागोरिया स्थिति श्री ब्राह्मणी माता मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड उमड रही है। ब्योरा हमारे संवाददाता से–

.....................

करौली स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैला देवी में भर रहे मेले में काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

.....................

बीकानेर में प्रमुख चौराहों को सजाया गया है। नवसवंत्सर की पूर्व संध्या पर कल शहर के सूरसागर झील में 11 हजार दीप प्रज्वलित किये गये। राज्यपाल कलराज मिश्र ने नवसवंत्सर और चैत्र नवरात्र की प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि नवसवंत्सर पर शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा सभी का कलयाण करें।

.....................

आकाशवाणी जयपुर आज अपना 69वां स्थापना दिवस मना रहा है। 9 अप्रेल 1955 में आकाशवाणी के जयपुर केन्द्र की शुरूआत हुई थी। इस अवसर पर केन्द्र की ओर से यादों का कारवां नाम से कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें जयपुर केन्द्र से जुडे वरिष्ठ उद्घोषक और सेवनिवृत्त अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है जो अपने संस्मरण साझा करेंगे। जयपुर केन्द्र की ओर से आज एक विशेष कार्यक्रम यादों के झरोखे से का भी सुबह सवा 9 बजे से प्रसारण किया जायेगा। गौरतलब है कि आकाशवाणी ने देश के सुदुर इलकों तक सूचनाओं के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साथ ही सूचना शिक्षा और मनोरजंन आधारित कार्यक्रमों के अलावा सटीक समाचारों के प्रसारण से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में विशेष भूमिका अदा की है।

.....................

प्रदेश में आज से एक नया पश्चिमी विक्षोभ बनने के कारण मौसम में बदलाव की संभावना है। विक्षोभ का असर राज्य के कई जिलों में नजर आ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कहीं–कहीं मेघगर्जन और बारिश की गतिविधियां होने की संभावना है। इस बीच पिछले 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में तेज गर्मी का प्रभाव देखने को मिला। सबसे अधिक तापमान फलौदी में 41 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया।

.....................